

## जर्जर सड़कों पर प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान, शहर कांग्रेस ने...

# गड्ढा कूद प्रतियोगिता रख किया विरोध-प्रदर्शन

2/5

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

शहर के दयनीय जर्जर एवं गड्ढों से भरी सड़कों पर ध्यान आकर्षित करने के लिए शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा दो बत्ती चौराहे पर गड्ढा कूद प्रतियोगिता का अनूठा आयोजन किया गया।

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने बताया कि बार-बार अनुरोध करने के बावजूद भी निगम प्रशासन द्वारा एवं स्थानीय निर्वाचित विधायक एवं सांसद महोदय द्वारा सड़कों की सुध नहीं ली जा रही है। गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटना हो रही है। जिससे कई लोग घायल हो गए हैं। ऐसी अवस्था में कुंभकरण की नींद से जगाने हेतु आयोजन किया गया है।

दो बत्ती चौराहे पर इस रोचक मुकाबले में कई प्रतियोगियों ने भाग लिया वह भाग लेने वाले प्रतियोगियों को प्रथम, द्वितीय तृतीय, पुरस्कार श्री विनोद मिश्रा मामा एवं जेम्स चाको द्वारा दिए गए

इस अवसर पर श्रीमती यास्मिन शेरानी ,ब्लॉक अध्यक्ष बसंत पंड्या, कमरुद्दीन कछवाय, युवा नेता राजीव रावत, विजय सिंह चौहान, यूवक कांग्रेस अध्यक्ष सय्यद वसुद, हितेश पैमाल, एनएसयूआई अध्यक्ष निलेश शर्मा, सेवादल अध्यक्ष महिप मिश्रा, संगीता काकरिया, सुजीत उपाध्याय, शैलेंद्र सिंह अठाना, रवि वर्मा,धर्मेंद्र शर्मा, वसीम अली, असलम ताबीज, अकील सय्यद, इक्का बेलूद, गोपाल चन्दवाडिया, धीरज मूंदड़ा, सोनू व्यास, संजय खंडकर, विजय पंड्या, रमेश शर्मा, जितेंद्र पंडित (हाड़ा,) सतीश गिरी, मांगीलाल जैन, जगदीश अकोदिया, मनोज दीक्षित, कैलाश सोलंकी, जितेंद्र सिंह,छोटू चावडा, साजिद अब्बासी, रजिया मंसूरी, ताज मंसूरी, कमलेश मोदी, तबस्सुम, राहुल राठौर दीपक सेन आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे। शहर कांग्रेस कमेटी ने चेतावनी दी है यदि शहर की सड़कों को तत्काल सुधार नहीं किया गया तो आगामी दिनों में नगर निगम का घेराव किया जायेगा।

राज एक्सप्रेस 13/8/21

## आत्मनिर्भर नारी-शक्ति से संवाद कार्यक्रम में पीएम का ऐलान

# स्वयं सहायता समूहों को अब मिलेगा 20 लाख तक ऋण

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गुरुवार को आत्मनिर्भर नारी-शक्ति से संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस कार्यक्रम में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े महिला और स्व-सहायता समूहों की महिला सदस्यों से बातचीत भी की। बातचीत खत्म होने के बाद उन्होंने अपना संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जिस प्रकार से हमारी बहनों ने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से देशवासियों की सेवा की वो अभूतपूर्व है। मास्क और सैनेटाइजर बनाना हो, जरूरतमंदों तक खाना पहुंचाना हो, जागरूकता का काम हो, हर प्रकार से आपकी सखी समूहों का योगदान अतुलनीय रहा है।

**पहले 10 लाख थी सीमा**



### महिला उद्यमियों के लिए 1600 करोड़ रु की राशि भेजी गई

पीएम मोदी ने कहा कि फूड प्रोसेसिंग से जुड़े उद्यम हो, महिला किसान उत्पादक संघ हो या फिर दूसरे स्वयं सहायता समूह, बहनों के ऐसे लाखों समूहों के लिए 1,600 करोड़ से अधिक राशि भेजी गई है। पीएम ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष का ये समय नए लक्ष्य तय करने और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का है। सरकार लगातार वो माहौल, वो स्थितियां बना रही है, जहां से आप सभी बहनें हमारे गांवों को समृद्धि और संपन्नता से जोड़ सकती हैं।

### महिलाओं को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ा

पीएम मोदी ने कहा कि पहले अधिकांश महिलाएं पैसे को रसोई के डिब्बे में रखती थी, लेकिन जब हमारी सरकार आई तो हमने देखा कि देश की करोड़ों बहनें ऐसी थीं, जिनके पास बैंक खाता तक नहीं था, जो बैंकिंग सिस्टम से कोसों दूर थीं। इसलिए हमने सबसे पहले जनधन खाते खोलने का बहुत बड़ा अभियान शुरू किया। पीएम मोदी ने कहा कि 42 करोड़ से अधिक जन धन बैंक खाते हैं, जिनमें से 55 फीसदी महिलाओं के पास हैं। इन खातों में हजारों करोड़ हैं। हमने न सिर्फ बैंक खाते खोले, बल्कि कर्ज भी आसान किया। पीएम मोदी ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों को और अधिक प्रेरित करने के लिए उन्हें अब 20 लाख रुपए तक का ऋण मिलेगा। पहले इसकी सीमा 10 लाख रुपए तक ही थी।

### खिलौनों के क्षेत्र में आदिवासी महिलाओं का विशेष योगदान

पीएम मोदी ने कहा कि भारत में बने खिलौनों को भी सरकार बहुत प्रोत्साहित कर रही है, इसके लिए हर संभव मदद भी दे रही है। विशेष रूप से हमारे आदिवासी क्षेत्रों की बहनें तो पारंपरिक रूप से इससे जुड़ी हैं। इसमें भी स्वयं सहायता समूह के लिए बहुत संभावनाएं हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आज देश को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने का अभी अभियान चल रहा है। इसमें सेल्फ हेल्प ग्रुप्स की दोहरी भूमिका है। आपको सिंगल यूज़ प्लास्टिक को लेकर जागरूकता भी बढ़ानी है और इसके विकल्प के लिए भी काम करना है।

### पछले 6-7 सालों में तीन गुना बहनों की भागीदारी सुनिश्चित

पीएम ने कहा कि आज देशभर में लगभग 70 लाख स्वयं सहायता समूह हैं, जिनसे लगभग 8 करोड़ बहनें जुड़ी हैं। पिछले 6-7 सालों के दौरान स्वयं सहायता समूहों में तीन गुना बहनों की भागीदारी सुनिश्चित हुई है। पीएम मोदी ने कहा कि आज बदलते हुए भारत में देश की बहनों-बेटियों के पास भी आगे बढ़ने के अवसर बढ़ रहे हैं। घर, शौचालय, बिजली, पानी, जैसी सुविधाओं से सभी बहनों को जोड़ा जा रहा है। बहनों-बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण और दूसरी जरूरतों पर भी सरकार पूरी संवेदनशीलता से काम कर रही है।

राज एक्सप्रेस 13/8/21

# धारा 144 के तहत रतलाम शहर क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी,करणी सेना द्वारा प्रस्तावित धरना पूर्णतः प्रतिबंधित

सिंघम रिपोर्टर □ रतलाम

अनुविभागीय दंडाधिकारी रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने दंडप्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रतलाम शहर की राजस्व सीमा क्षेत्र में आगामी 2 माह तक की अवधि के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं । थाना प्रभारी स्टेशन रोड रतलाम के प्रतिवेदन अनुसार 13 अगस्त को उल्लेखित राष्ट्रीय करणी सेना द्वारा प्रस्तावित धरना प्रदर्शन तथा अन्य कार्यक्रम को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि थाना प्रभारी स्टेशन रोड, रतलाम के प्रतिवेदन के अनुसार प्राप्त विभिन्न सूत्रों, मुखबिर सूचना तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे व्हाट्सअप, फेसबुक आदि के माध्यम से यह जानकारी संज्ञान मे आई हैं कि थाना औ.क्षे. जावरा जिला रतलाम में पंजीबंद्ध अपराध मे राष्टीय करणी सेना के अध्यक्ष का नाम आने और आरोपी बनाये जाने से राष्टीय करणी सेना के कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है। इनके द्वारा उसका नाम वापस लेने तथा इस मामले में उच्च स्तरीय- जांच की मांग आदि मांगों को लेकर 13 अगस्त 2021को करणी सेना द्वारा रतलाम शहर में बडी संख्या में एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन किये जाने की संभावना हैं। वर्तमान में कोरोना गाईड लाईन भी प्रभावी हैं एवं आदेशानुसार इस प्रकार के कार्यक्रम प्रतिबंधित हैं। अतः कार्यक्रम के संबंध में अग्रिम कार्यवाही एवं उचित आदेश एवं इस संबंध मे प्रतिबंधात्मक कार्यवाही हेतु आदेश जारी किये जाने को निवेदन किया गया है। कोविड बीमारी को डब्ल्यू एच ओ द्वारा वैश्विक महामारी के रूप मे चिहिन्त किया गया है तथा मध्यप्रदेश शासन द्वारा मप्र पब्लिक हेल्थ एक्ट 1949 की धारा 50 के अंतर्गत सम्पूर्ण मध्यप्रदेश राज्य के लिए संक्रमण रोग घोषित किया है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, रतलाम के प्रतिबंधात्मक आदेश अनुसार रतलाम जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र मे दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 दिनांक 10.08.2021 से दिनांक 20.08.2021को प्रातः 06:00 बजे तक प्रभावशील की गई है। उपखण्ड रतलाम (शहर) मे आम जन के स्वास्थ एवं लोक हितों को दृष्टिगत रखते हुए एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु अभिषेक गेहलोत, अनुविभागीय दण्डाधिकारी रतलाम (शहर) तहसील एवं जिला रतलाम (म.प्र) दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग में लाते हुए अनुभाग रतलाम, (शहर) की राजस्व सीमा क्षेत्र में आदेश जारी दिनांक से आगामी 02 माह तक की अवधि के लिये प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है कि थाना प्रभारी स्टेशन' रोड, रतलाम के प्रतिवेदन अनुसार 13.अगस्त 2021 को उल्लेखित राष्टीय करणी सेना के द्वारा प्रस्तावित धरना प्रदर्शन तथा अन्य कार्यक्रम को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाता है। आदेश का उल्लंघन होने पर भारतीय दंडविधान 1860 की धारा 188 तथा आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 से 60 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

सिंघम 12/8/21

गर्भवती होने के बाद परिजनों को पता चला

# निगम के अस्थायी वॉल्वमैन ने किया युवती से बलात्कार

## आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## महिला थाने में दर्ज हुआ आरोपी पर केस

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. नगर निगम के अस्थायी कर्मचारी बाल्वमैन ने औद्योगिक क्षेत्र पुलिस थाना क्षेत्र निवासी एक युवती को झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण कर बलात्कार किया। पीड़िता के गर्भवती होने के बाद मामले सामने आया और परिजनों को जानकारी लगी। परिजनों ने पुलिस की शरण लेते हुए महिला थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

महिला थाने पर पदस्थ उप-निरीक्षक लिलियन मालवीय ने बताया आरोपी जितेंद्र 34 निवासी ग्राम पलसोड़ा थाना नामली इसी क्षेत्र में नगर निगम के अस्थायी कर्मचारी के रूप में वॉल्वमैन का काम करते हुए नलों में पानी सप्लाई करता है। आरोपी ने पांच माह पूर्व मजदूरी करने वाले परिवार की 22 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म किया। यह बात किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी देकर फ़रार हो गया। पुलिस के अनुसार युवती क्षेत्र में पानी की सप्लाई न होने के सिलसिले में आरोपी युवक से सप्लाई चालू करने के लिए बोलने जाती रहती थी। इस दौरान आरोपी ने उसे अकेला पाकर उसके साथ जोर-जबरजस्ती करते हुए दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे दिया।

### गर्भवती होने के बाद सामने आया मामला

पुलिस के अनुसार बलात्कार पीड़ित युवती इस बीच युवती लगभग चार माह की गर्भवती भी हो गई। इसके बाद उसके परिजनों ने उससे पूछा तो युवती ने अपने साथ हुई बलात्कार की वारदात को सिरे से बताया। इस पर युवती और उसके परिजन महिला थाने पहुंचकर आरोपी युवक जितेंद्र के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर गुरुवार को आरोपी जितेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है।

पत्रिका 13/8/21

# रतलाम में 20 अगस्त तक रात का कर्फ्यू...

रतलाम, नप्र। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी जिले की पूरी राजस्व सीमा क्षेत्रों में आगामी 20 अगस्त के लिए रात्रिकालीन कर्फ्यू के आदेश जारी किए है। रतलाम जिले में रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक रात का कर्फ्यू रहेगा।

जारी आदेश में कहा गया है कि सभी सामाजिक, राजनीतिक, खेल, मनोरंजन, सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन मेले, आदि जिनमें जनसमूह जमा होता है उन पर रोक रहेगी। स्कूल, कॉलेज खोले जाने के संबंध में पूर्व में जारी आदेश में जारी दिशा निर्देश यथावत प्रभावशील रहेंगे। सभी धार्मिक, पूजा स्थल खुल सकेंगे लेकिन एक समय में आधा दर्जन से ज्यादा लोग मौजूद नहीं रह सकेंगे। इसके अलावा जो लोग मौजूद रहेंगे उन सभी के लिए कोविड प्रोटोकाल का पालन करना बंधनकारी होगा।

सभी प्रकार की दुकानें, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, निजी कार्यालय, शापिंग मॉल, ... तक खुल सकेंगी। सिनेमाघर एवं थिएटर क्षमता के 50 प्रतिशत की सीमा तक संचालित किए जा सकेंगे। खेलकूद के स्टेडियम खुल तो सकेंगे लेकिन खेल आयोजनों में दर्शक शामिल नहीं हो सकेंगे।

रेस्टोरेंट एवं क्लब 100 प्रतिशत क्षमता से कोविड 19 प्रोटोकाल की शर्त का पालन करते हुए रात 10 बजे तक ही खुलेर रहेंगे। जिले में विवाह आयोजन में दोनों पक्षों को मिलाकर अधिकतम 100 लोगों की ही अनुमति रहेगी। इस आयोजन में आयोजक को संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं थाना प्रभारी को अतिथियों के नाम की सूची आयोजन से पहले देना होगी। साथ ही समस्त सहभागियों को दो दिन पहले आरटीपीसीआर अथवा आरएटी करवाना जरूरी होगा। अधिकतम 50 लोगों के साथ अंतिम संस्कार की अनुमति रहेगी। आदेश में कहा गया कि अनुमत्य गतिविधियों के अलावा किसी भी स्थान पर छह से अधिक लोगों के जमा होने पर प्रतिबंध रहेगा।

# जर्जर सड़कों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, गड्ढा कूद प्रतियोगिता रखी

रतलाम। शहर की खस्ताहाल जर्जर एवं गड्ढों से भरी सड़कों पर ध्यान आकर्षित करने के लिए शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरूवार को दो बत्ती चौराहे पर गड्ढा कूद प्रतियोगिता का

**▸ शहर की खस्ताहाल एवं गड्ढों से भरी सड़कों पर ध्यान आकर्षित करने किया प्रदर्शन**

अनूठा आयोजन किया गया। जिसमें कई प्रतियोगियों ने भाग लिया।

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने बताया कि बार-बार अनुरोध करने के बावजूद भी निगम प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा सड़कों की सुध नहीं ली जा रही है। गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटना हो रही है। जिससे कई लोग घायल हो गए हैं। सड़को को लेकर ध्यान आकर्षित करने के लिए गुरूवार को अनूठा आयोजन किया गया है। दो बत्ती चौराहे पर



इस रोचक मुकाबले में कई प्रतियोगियों ने भाग लिया।भाग लेने वाले प्रतियोगियों को प्रथम ,द्वितीय तृतीय, पुरस्कार विनोद मिश्रा मामा एवं जेम्स चाको द्वारा दिए गए। बाद में गड्ढों में वृक्षारोपण भी किया गया। यास्मिन शेरानी ,ब्लॉक अध्यक्ष बसंत पंड्या ,कमरुद्दीन कछवाय ,युवा नेता राजीव रावत, विजय सिंह चौहान, यूवक कांग्रेस अध्यक्ष सय्यद वसुद ,हितेश पैमाल, एनएसयूआई अध्यक्ष निलेश शर्मा, सेवादल अध्यक्ष महिप मिश्रा, संगीता काकरिया, सुजीत उपाध्याय ,शैलेंद्र सिंह अठाना, रवि वर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, वसीम अली, असलम ताबीज, अकील सय्यद, इक्का बेलूद ,गोपाल चन्दवाडिया, धीरज मूंदड़ा, सोनू व्यास, संजय खंडकर, विजय पंड्या, रमेश शर्मा, जितेंद्र पंडित (हाड़ा,) सतीश गिरी, मांगीलाल जैन, जगदीश अकोदिया, मनोज दीक्षित, कैलाश सोलंकी, जितेंद्र सिंह,छोटू चावडा आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।



## नगर निगम के घेराव की दी चेतावनी

आंदोलन के माध्यम से प्रशासन को गड्ढों की स्थित पर ध्यान दिलाया गया। वहीं आंदोलन में शहर कांग्रेस कमेटी ने चेतावनी दी है यदि शहर की सड़कों को तत्काल सुधार नहीं किया गया तो आगामी दिनों में नगर निगम का घेराव किया जायेगा। नवभारत

नवभारत 13/8/21

# अवैध कालोनियों के नियमितीकरण के नये नियम बनाकर शीघ्र लागू करे : काश्यप



**सिंघम रिपोर्टर □ रतलाम**

- भोपाल में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह से की मुलाकात
- संशोधन विधेयक पारित कराने के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया

विधायक चेतन्य काश्यप ने भोपाल में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह से सौजन्य भेंट कर अवैध कालोनियों के नियमितिकरण के लिए नये नियम बनाकर उन्हे शीघ्र लागू करने आग्रह किया। उन्होने श्री सिंह को विधानसभा में अवैध कालोनियों के नियमितिकरण संबंधी संशोधन विधेयक पास कराने के लिये धन्यवाद भी ज्ञापित किया। विधायक श्री काश्यप ने बताया कि इस कानून के लागू होने पर अवैध कालोनियों को शुल्क वसूल कर वैध किया जा सकेगा। इनमें निवासरत परिवार अपने मकानों के अवैध निर्माणों को भी वैध करा सकेंगे। श्री काश्यप ने मंत्री श्री सिंह को बताया कि मुख्यमन्त्री शिवराजसिंह चौहान ने अपने पूर्व कार्यकाल में रतलाम से ही अवैध कालोनियों को वैध करनें का शुभारम्भ कर इस कार्य के लिये रतलाम को रोल माडल घोषित किया था। सिंघम 12

विधायक श्री काश्यप ने मंत्री श्री सिंह से सीवरेज लाइन डालने के कारण खोदी गई रतलाम नगर की सड़को के मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिये पर्याप्त धनराशि शीघ्र उपलब्ध कराने का अनुरोध भी किया। मंत्री श्री सिंह ने आश्वस्त किया कि धनराशि शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी। विधायक श्री काश्यप ने चर्चा के दौरान मंत्री श्री सिंह से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बीएलएस घटक के हितग्राहियो को अनुदान की तीसरी किश्त भी जल्द से जल्द मुहैया कराने का आग्रह किया है।

सिंघम 12/8/21

**बारिश में उखड़ा डामर** जगह-जगह गड्ढे, धूल के गुबार

# 4 हजार किमी सड़कें छलनी

पत्रिका इंडेप्थ स्टोरी

## मरम्मत नहीं करने वाले ठेकेदार को दिए नोटिस

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. बारिश में प्रदेश की चार हजार किलोमीटर सड़कें छलनी हो गई हैं। चाहे हाईवे हों, नेशनल हाईवे या फिर शहर की सड़कें, सब गड्ढों से अटी पड़ी हैं। गारंटी पीरियड वाली सड़कों का भी यही हाल है, जिनका पैसा ठेकेदारों ने पहले ही सरकार से ले लिया है, लेकिन अब पेंच वर्क नहीं कर रहे हैं। हालांकि सड़कों की निगरानी के लिए एमपीआरडीसी ने इंजीनियरों को मैदान में उतार दिया है। रिपोर्ट तैयार की जा रही है। जो ठेकेदार काम नहीं कर रहे हैं, उन्हें नोटिस थमाए जा रहे हैं। लोक निर्माण विभाग ने भी गारंटी पीरियड वाली सड़कों की मरम्मत करने के लिए ठेकेदारों से कहा है। उन्हें ज्यादा खराब सड़कें बारिश के बाद नए सिरे से बनाने के निर्देश दिए हैं। वहीं, जो सड़कें गारंटी पीरियड में नहीं हैं, उनके पेंच वर्क के लिए सभी चीफ इंजीनियरों को राशि जारी की गई है।

### राशि का आवंटन कर रहे

बारिश से उखड़ी सड़कों का आकलन कराया जा रहा है। जल्द ही इनकी मरम्मत के संबंध में राशि का आवंटन किया जाएगा।
**- अखिलेश अग्रवाल**
ईएनसी, लोक निर्माण विभाग

## जर्जर सड़कों को सुधारने कांग्रेस का 'गड्ढा कूदो' प्रदर्शन



**रतलाम.** बारिश में रतलाम की बदहाल सड़कों के मुद्दे पर कांग्रेस ने अनूठा प्रदर्शन किया। कांग्रेसजनों ने गुरुवार को जर्जर सड़कों पर 'गड्ढा कूदो' आंदोलन किया। इस दौरान कांग्रेसी एक के बाद एक गड्ढों के ऊपर से छलांग लगा रहे थे। इस दौरान विजेताओं को 101 रुपए का पुरस्कार भी दिया गया। इसके बाद कांग्रेस जनों ने बारिश के पानी से भरे गड्ढों में पौधे भी लगाए।



## शर्तों का पालन हो तो 7 साल सलामत रहें सड़कें

नियम-शर्तों का पालन नहीं होने से बारिश में हर साल प्रदेश की हजारों किमी सड़कें छलनी हो जाती हैं। इसे लेकर रिटायर्ड इंजीनियर इन चीफ प्रभाकांत कटारे कहते हैं कि सड़कें तकनीकी तौर पर सभी लेयर का ध्यान रखकर बनें तो पांच से सात साल तक कोई परेशानी नहीं आती है।

ट्रैफिक की क्षमता अनुसार सड़क की मोटाई तय होती है। जब तक ड्राय डेंसिटी न आए इसे दबाया जाना चाहिए।

आखिर में सरफेस कोर्स होता है। ये भी कई तरह का होता है। इसके बाद सड़क तैयार होती है।

वेट मिक्स मैकेडम यानि बेस कोर्स तैयार किया जाता है। इसमें बड़ी गिट्टी व छोटी गिट्टी, चूरी का बेस तैयार किया जाता है। इसे भी अत्याधिक दबाव देकर बनाया जाता है। इससे मजबूती आती है।



सड़क निर्माण में सबसे पहले मिट्टी का सबग्रेड बनाया जाता है। इसमें वहीं की मिट्टी को मिलाया जाता है। सब बेस में ग्रेन्युअल यानि चूरी, मुरम को मिलाकर अच्छे से दबाया जाता है।

सड़क के लिए सबसे जरूरी है कि ड्रेनेज की व्यवस्था सही है या नहीं। सड़क में पानी तेजी से बाहर निकलना चाहिए, उसमें पानी जमा न रहे। पानी जमा होने से सब बेस कमजोर पड़ जाता है।


### 4 एजेंसियों के पास है जिम्मा

प्रदेश की 4 एजेंसियां सड़कें बनाती हैं, इनमें एमपीआरडीसी, लोक निर्माण विभाग, राजधानी परियोजना प्रशासन, नगर निगम और मप्र ग्रामीण सड़क विकास निगम शामिल हैं

पत्रिका 13/8/21

# अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण के नए नियम बनाकर शीघ्र लागू करें-काश्यप

रतलाम ● स्वदेश समाचार



विधायक चेतन्य काश्यप ने भोपाल में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह से सौजन्य भेंट कर अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण के लिए नए नियम बनाकर उन्हें शीघ्र लागू करने आग्रह किया। उन्होंने श्री सिंह को विधानसभा में अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण संबंधी संशोधन विधेयक पास कराने के लिए धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

विधायक श्री काश्यप ने बताया कि इस कानून के लागू होने पर अवैध कॉलोनियों को शुल्क वसूल कर वैध किया जा सकेगा। इनमें निवासरत परिवार अपने मकानों के अवैध निर्माणों को भी वैध करा सकेंगे। श्री काश्यप ने मंत्री श्री सिंह को बताया कि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने अपने पूर्व कार्यकाल में रतलाम से ही अवैध कॉलोनियों को वैध करने का शुभारम्भ कर इस कार्य के लिए रतलाम को रोल मॉडल घोषित किया था ।

विधायक श्री काश्यप ने मंत्री श्री सिंह से सीवरेज लाइन डालने के कारण खोदी गई रतलाम नगर की सड़कों के मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए पर्याप्त धनराशि शीघ्र उपलब्ध कराने का अनुरोध भी किया। मंत्री श्री सिंह ने आश्वस्त किया कि धनराशि शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी ।

विधायक श्री काश्यप ने चर्चा के दौरान मंत्री श्री सिंह से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बीएलएस घटक के हितग्राहियों को अनुदान की तीसरी किस्त भी जल्द से जल्द मुहैया कराने का आग्रह किया है। स्वदेश

स्वदेश 13/8/21

# नगर की क्षतिग्रस्त सड़कें शीघ्र होंगी दुरूस्त

रतलाम। विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप द्वारा निगम आयुक्त व निगम इंजीनियरों के साथ आमजन की समस्याओं के निराकरण तथा मूलभूत अधोसंरचना की आवश्यकताओं की उपलब्धता के संबंध मे नगर के विभिन्न क्षेत्रों के किये गये निरीक्षण के दौरान पाई गई समस्याओं के तहत दिये गये निर्देशों के तहत निगम द्वारा अत्यावश्यक कार्यों के तहत प्रथम चरण में 22 स्थानों पर सड़क डामरीकरण, सड़क सीमेन्टीकरण, पेवर ब्लॉक, नाली, क्रॉस ड्रेन निर्माण हेतु निविदा तैयार की गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि माननीय विधायक काश्यप द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क डामरीकरण, सड़क सीमेन्टीकरण, पेवर ब्लॉक, नाली, क्रॉस ड्रेन निर्माण हेतु निगम के इंजीनियरों द्वारा वार्डवार तैयार किये गये प्राक्कलनों में से अत्यावश्यक कार्यों को चिन्हित कर प्रथम चरण में 22 स्थानों पर कार्य कराये जाने हेतु 6 करोड 91 लाख 50 लाख की निविदा तैयार की गई है जिसे शीघ्र जारी किया जायेगा। सिंहासन 12

सिंहासन 12/8/21

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन 14 अगस्त को

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 14 अगस्त को प्रातः 11.00 बजे न्यू पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभाकक्ष महू रोड पर आयोजित की गई है। बैठक में आगामी त्यौहारों 19 अगस्त मोहर्रम, 22 अगस्त रक्षाबंधन, 30 अगस्त जन्माष्टमी, 31 अगस्त गोगानवमी, 8 सितम्बर रामदेव जयंती, 10 सितम्बर गणेश चतुर्थी, 17 सितम्बर डोल ग्यारस तथा 19 सितम्बर अनंत चतुर्दशी त्यौहारों पर कानून एवं सुरक्षा व्यस्था बनाए रखने की दृष्टि से निर्णय लिए जायेंगे। पत्रिका

पत्रिका 13/8/21

# शांति समिति की बैठक कल

रतलाम। जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 14 अगस्त को प्रातः 11.00 बजे एसपी कार्यालय सभाकक्ष महू रोड पर आयोजित की गई है। बैठक में आगामी त्यौहारों 19 अगस्त मोहर्रम, 22 अगस्त रक्षाबंधन, 30 अगस्त जन्माष्टमी, 31 अगस्त गोगानवमी, 8 सितंबर रामदेव जयंती, 10 सितंबर गणेश चतुर्थी, 17 सितंबर डोल ग्यारस तथा 19 सितंबर अनंत चतुर्दशी त्यौहारों पर कानून एवं सुरक्षा व्यस्था बनाए रखने की दृष्टि से निर्णय लिए जाएंगे। नईदुनिया

नईदुनिया 13/8/21

# जिले में 20 अगस्त की प्रातः 6 बजे तक नाईट कर्फ्यू प्रभावी रहेगा

## प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। रतलाम जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्रों में आगामी 20 अगस्त की प्रातः 6 बजे तक के लिए यह प्रतिबंधात्मक आदेश लागू रहेंगे।

जारी आदेश के अनुसार सम्पूर्ण रतलाम जिले में रात्रि 11.00 बजे से प्रातः 6 बजे तक नाईट कर्फ्यू प्रभावित रहेगा। सभी सामाजिक, राजनीतिक, खेल, मनोरंजन, सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन, मेले आदि जिनमें जनसमूह एकत्रित होता है, प्रतिबंधित रहेंगे।



स्कूल, कालेज खोले जाने के सम्बन्ध में पूर्व में जारी आदेश में प्रदत्त दिशा-निर्देश यथावत प्रभावशील रहेंगे। सभी धार्मिक, पूजा स्थल खुल सकेंगे किन्तु एक समय में 06 से अधिक व्यक्ति उपस्थित नहीं रह सकेंगे तथा उपस्थितजनों को कोविड प्रोटोकाल का पालन करना बंधनकारी होगा।

समस्त प्रकार की दुकानें, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, निजी कार्यालय, शापिंग माल, जिम अपने नियत समय तक खुल सकेंगे। सिनेमाघर एवं थिएटर कुल क्षमता के 50 प्रतिशत की सीमा तक संचालित किए जा सकेंगे। सिनेमाघर संचालक को कोविड 19 प्रोटोकाल का पालन करना सुनिश्चित करना होगा। समस्त वृहद, मध्यम, लघु एवं सूक्ष्म उद्योग अपनी पूर्ण क्षमता पर कार्य कर सकेंगे तथा निर्माण गतिविधियां सतत् चल सकेंगी। जिम एवं फिटनेस सेन्टर 50 प्रतिशत क्षमता पर कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए खुल सकेंगे। समस्त खेलकूद के स्टेडियम खुल सकेंगे किन्तु खेल आयोजनों में दर्शक शामिल नहीं हो सकेंगे।

समस्त रेस्टोरेंट एवं क्लब 100 प्रतिशत क्षमता से कोविड 19 प्रोटोकाल की शर्त का पालन करते हुए रात्रि 10.00 बजे तक खुल सकेंगे। जिले में विवाह आयोजन में दोनों पक्षों को मिलाकर अधिकतम 100 लोगों की उपस्थिति की ही अनुमति रहेगी। इस प्रयोजन के लिए आयोजक को संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं थाना प्रभारी को अतिथियों के नाम की सूची आयोजन से पूर्व प्रदाय करना आवश्यक होगा। इस हेतु सूची के साथ अनुमति के लिए आवेदन सात दिवस पूर्व देना होगा। समस्त सहभागियों को दो दिवस पूर्व आरटीपीसीआर अथवा आरएटी करवाना अनिवार्य होगा। अधिकतम 50 लोगों के साथ अंतिम संस्कार की अनुमति रहेगी।

रुल्स आफ सिक्स - अनुमत्य गतिविधियों के अलावा किसी भी स्थान पर 6 से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा। जहां पर स्पष्ट रुप से 6 से अधिक व्यक्तियों की अनुमति दी जाती हो, वहां यह छूट रहेगी। अन्तरराज्यीय तथा राज्यांतरिक व्यक्तियों, माल एवं सर्विसेज का आवागमन निर्बाध रहेगा। सभी सार्वजनिक व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में कोविड-19 के प्रोटोकाल (फेस मास्क, सेनिटाईजर, दो गज की दूरी, गोले बनाना व रस्सी बांधना) का पालन करना अनिवार्य होगा।

सिंघम 12/8/21

## उपयंत्री मिश्रा, कुरेशी व एक स्थायीकर्मी का एक दिवस का वेतन काटा

रतलाम। शहर की विभिन्न सड़कों को दुरूस्त करवाये जाने के प्राक्कलन तैयार कर अतिशीघ्र प्रस्तुत करने हेतु उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा व अनवर कुरेशी को निर्देशित किये जाने के बाद भी प्राक्कलन प्रस्तुत नहीं करने व मोबाईल पर संपर्क करने पर मोबाईल बंद पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर 24 घन्टे में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

इसके अलावा कृषि उपज मण्डी क्षेत्र में कचरे के ढेर व गंदगी पाये जाने पर वार्ड प्रभारी देवेन्द्र राजावत का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना पत्र जारी किया गया।

## वेल्डर भूपेन्द्रसिंह चौहान निलंबित

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम कर्मशाला विभाग के वेल्डर भूपेन्द्रसिंह चौहान द्वारा बिना अवकाश लिये नगर निगम से अनुपस्थित रहने व मोबाईल बंद रखने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

सिंघम 12/8/21

## गर्भवती महिलाओं का आज होगा वैक्सीनेशन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में शुक्रवार को गर्भवती महिला और धात्री माताओं को वैक्सीन लगाई जाएगी। शहर के एमसीएच अस्पताल पोस्ट ऑफिस के पास, सिविल अस्पताल जावरा, सिविल अस्पताल आलोट, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैलाना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपलौदा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नामली, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खारवाकलां, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ताल में महिलाओं को वैक्सीन लगाई जाएगी। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया गर्भवती महिलाओं को टीका गर्भावस्था के दौरान किसी भी समय लगवाया जा सकता है। गर्भवती महिला को किसी भी प्रकार की प्री-ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग कराने की जरूरत नहीं है।

दै. भास्कर 13/8/21

## अस्थाई पात्रता पर्ची अब 31 अगस्त तक दस्तावेज जमा होंगे

रतलाम। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत छूटे हुए गरीब परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हितग्राहियों से पात्रता संबंधी घोषणा पत्र के आधार पर स्थाई पर्ची जारी करने के निर्देश दिए गए थे। ऐसे हितग्राही जिनको अस्थाई पात्रता पर्ची जारी की गई है, उन्हें स्थाई पात्रता पर्ची के लिए पात्रता श्रेणी संबंधी दस्तावेज एवं सभी सदस्यों के आधार नंबर स्थानीय निकायों को उपलब्ध कराने की तिथि 31 जुलाई नियत की गई थी।

सिंघम 12/8/21

## वॉल्वमैन ने ज्यादती की, युवती गर्भवती

रतलाम | अलकापुरी में चामुंडा चौराहे के पास पानी भरने आने वाली युवती को धमकाकर वॉल्वमैन ने मार्च में ज्यादती की। गर्भवती होने पर परिजन को पता चला। मामले में थाना प्रभारी पिंकी आकाश ने बताया पलसोड़ा निवासी आरोपी जितेंद्र चामुंडा चौराहे पर पानी की पाइपलाइन का वॉल्व खोलने आता था। युवती वहां पानी भरने आती थी। आरोपी ने मार्च में धमकाकर ज्यादती की। अगस्त में पेट दुखने पर परिजन को बताया तो पता चला गर्भवती है। आरोपी जितेंद्र के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी नगर निगम कर्मचारी है या प्राइवेट फर्म में काम करने वाला अभी स्पष्ट नहीं हुआ है।

दै. भास्कर 13/8/21

**वास्थ्य विभाग ने जारी के निर्देश: अनावश्यक रूप से मरीज और परिजनों को नहीं करे परेशान**

# जिले में बढ़ता डेंगू का प्रभाव: 10 हजार से कम प्लेटलेट्स होने पर ही चढ़ेगा रक्त

**पत्रिका करंट इश्यू**

त्रिका न्यूज नेटवर्क
atrika.com

तलाम. जिले में बढ़ते डेंगू के भाव को देखते हुए स्वास्थ्य भाग ने निजी अस्पतालों की नमानी पर रोक लगाने के लिए ड़ा आदेश जारी किया है। इसके हत अब कोई भी अस्पताल डेंगू मरीज के उपचार के दौरान 20 जार से अधिक प्लेटलेट्स होने ी दशा में किसी भी मरीज या उसके परिजन को रक्त और प्लेटलेट्स की व्यवस्था के लिए अनावश्यक रूप से परेशान नहीं करेगा।

वर्तमान में रतलाम सहित जिले भर में 100 से अधिक डेंगू पॉजिटिव के सामने आए हैं। ऐसे में ब्लड बैंक में लगातार प्लेटलेट्स की डिमांड को लेकर मरीज के परिजन भटक रहे हैं। किस बात की जानकारी जब मलेरिया विभाग को मिली तो उनके द्वारा यह पता लगाया गया कि मरीज किस तरह के गंभीर हैं जो उन्हें रक्त या प्लेटलेट्स की जरूरत पड़ रही है। इस दौरान पता चला कि मरीज के शरीर में प्लेटलेट्स की अच्छी संख्या होने के बाद भी कुछ अस्पताल परिजनों को प्लेटलेट्स की व्यवस्था के लिए बोल रहे हैं।



### तो कम पड़ जाएंगे प्लेटलेट्स

ब्लड बैंक में बढ़ती मांग को देखते हुए मानव सेवा समिति के ब्लड बैंक से स्वास्थ्य विभाग को जानकारी मिली प्लेटलेट्स मांग बढ़ती जा रही है और यदि ऐसा ही चला तो इसकी कमी भी पड़ सकती है। इस पर जब विभाग ने कलेक्टर के निर्देश पर सभी निजी अस्पतालों से डेंगू मरीजों की जानकारी मांगी तो पता चला कि जिन मरीजों को 40 हजार से अधिक प्लेटलेटस है, उनके परिजनों को भी इसकी व्यवस्था के लिए बोला जा रहा है। पत्रिका

### यह जारी किए निर्देश

स्वास्थ विभाग के अमले ने निजी अस्पतालों के लिए गाइडलाइन जारी कर बताया है कि नियमों का पालन करना आवश्यक है। जब तक मरीज में 20,000 से कम प्लेटलेट्स नहीं होते हैं, तब तक उसके परिजनों को अनावश्यक रूप से इसके लिए परेशान ना किया जाए। मरीज को ब्लिडिंग मेन्यूफेक्टिशियन, शॉक सिंड्रोम, हेमरेजिक, प्लाजमा लीकेज जैसे लक्षण होने पर ही या फिर भी प्लेटलेट्स 10 हजार से भी कम होने की दशा में ही रक्त या फिर प्लेटलेटस जरूरत के हिसाब से चढ़ाई जाएं।

निजी अस्पतालों की मनमानी पर लगाम लगाने के लिए उन्हें एडवाइजरी जारी की गई है, यदि कोई निर्देशों का पालन नहीं करता है तो ऐसे में उनके खिलाफ शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। सभी को शासन की गाइड लाइन से अवगत करा दिया गया है। इसमें किसी भी मरीज के परिजनों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं कर सकते हैं। वर्तमान में जिले में डेंगू के हालात में सुधार है। - **डॉ प्रमोद प्रजापति,** जिला मलेरिया अधिकारी

पत्रिका 13/8/21

# 26 रिपोर्ट में डेंगू के आठ नए मरीज, 20 घरों में लार्वा मिला



## पिछले 42 थे, इस साल अब तक 110 में हो चुकी पुष्टि

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना के खतरे के बीच अब डेंगू के लगातार बढ़ रहे मामले डराने लगे हैं। शहर व शहर से लगे गांवों में भी नए मरीज मिल रहे हैं।

चिंताजनक बात यह है कि अभी भी लोग घरों में पानी जमा होने वाले स्थानों पर सफाई में ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे डेंगू के मच्छरों का लार्वा भी मिल रहा है। जिला अस्पताल की पैथालाजी लैब से गुरुवार को डेंगू एलायजा टेस्ट की 26 रिपोर्ट में आठ नए मरीज मिले हैं और चार संदिग्ध हैं।

**इस तरह मिले मामले**

| | |
|---|---|
| शहर | 65 |
| बांगरोद | 13 |
| पल्दुना | 22 |
| नामली | 2 |
| दंतोड़िया | 1 |
| धौसवास | 2 |
| नगरा | 1 |
| उववानिया | 1 |
| चितावत | 1 |
| बिरमावल | 1 |
| खाचरौद | 1 |

**26** रिपोर्ट में आठ नए मरीज मिले हैं और चार संदिग्ध हैं





महिला को दवा खिलाती हुई स्वास्थ्य कार्यकर्ता। • नईदुनिया

इस साल अब तक 110 में डेंगू की पुष्टि हो चुकी है, जबकि पिछले एक साल में 42 मरीज ही मिले थे। संदिग्धों व किट जांच में डेंगू पाजिटिव आने वाले मरीजों को जोड़ दें तो आंकड़ा 150 पार हो गया है। गुरुवार को शहर के 3219 घरों में सर्वे के दौरान छह सामान्य बुखार के मरीज मिले। मलेरिया नहीं होने से डेंगू का संदिग्ध मानते हुए एलायटा टेस्ट के लिए सैंपल जांच में भेज दिया गया है। साथ इनका उपचार भी शुरु करा दिया गया है। सर्वे के दौरान 20 घरों में लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया और होम्योपैथी दवा का वितरण एवं फागिंग भी चलती रही। डेंगू के खतरे को ध्यान में रखते हुए शहर के सभी 49 वार्डों में दो अगस्त से फीवर सर्वे चल रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी डा.प्रमोद प्रजापति ने बताया कि हमारा सर्वे नियमित चल रहा है। जो भी संदिग्ध मिल रहे हैं, उनका एलायजा टेस्ट कराया जा रहा है। बीमारों को उपचार देकर स्वास्थ्य किया जा रहा है। घबराने की जरुरत नहीं, बस सावधानी रखनी और मच्छरों से बचाव के उपाय पर ध्यान देना है।

नईदुनिया

नईदुनिया 13/8/21

# शहर कांग्रेस का अनूठा प्रदर्शन... रखी 'गड्ढा कूद प्रतियोगिता'

## ▶ जर्जर सड़कों पर ध्यान आकर्षिक करने का कांग्रेस ने किया प्रयास

रतलाम। शहर के दयनीय जर्जर एवं गड्ढों से भरी सड़कों पर ध्यान आकर्षित करने के लिए शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा दो बत्ती चौराहे पर गड्ढा कूद प्रतियोगिता का अनूठा आयोजन किया गया।

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने बताया कि बार-बार अनुरोध करने के बावजूद भी निगम प्रशासन द्वारा एवं स्थानीय निर्वाचित विधायक एवं सांसद महोदय द्वारा सड़कों की सुध नहीं ली जा रही है। गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटना हो रही है। जिससे कई लोग घायल हो गए हैं। ऐसी अवस्था में कुंभकरण की नींद से जगाने हेतु आयोजन किया गया है।

दो बत्ती चौराहे पर इस रोचक मुकाबले में कई प्रतियोगियों ने भाग लिया वह भाग लेने वाले प्रतियोगियों को प्रथम ,द्वितीय तृतीय, पुरस्कार श्री विनोद मिश्रा मामा एवं जेम्स चाको द्वारा दिए गए। बाद में गड्ढों में वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर श्रीमती यास्मिन शेरानी ,ब्लॉक अध्यक्ष बसंत पंड्या ,कमरुद्दीन कछवाय ,युवा नेता राजीव रावत, विजय सिंह चौहान, यूवक कांग्रेस अध्यक्ष सय्यद वसुद ,हितेश पैमाल, एनएसयूआई अध्यक्ष निलेश शर्मा, सेवादल अध्यक्ष महिप मिश्रा, संगीता काकरिया, सुजीत उपाध्याय ,शैलेंद्र सिंह अठाना, रवि वर्मा ,धर्मेंद्र शर्मा, वसीम अली ,असलम ताबीज, अकील सय्यद , इक्का बेलूद ,गोपाल चन्दवाडिया ,धीरज मूंदड़ा, सोनू व्यास, संजय खंडकर , विजय पंड्या, रमेश शर्मा ,जितेंद्र पंडित (हाड़ा,) सतीश गिरी ,मांगीलाल जैन, जगदीश अकोदिया, मनोज दीक्षित ,कैलाश सोलंकी ,जितेंद्र सिंह, छोटू चावडा , साजिद अब्बासी ,रजिया मंसूरी, ताज मंसूरी, कमलेश मोदी, तबस्सुम, राहुल राठौर दीपक सेन आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे। साथ शहर कांग्रेस कमेटी ने चेतावनी दी है यदि शहर की सड़कों को तत्काल सुधार नहीं किया गया तो आगामी दिनों में नगर निगम का घेराव किया जायेगा।





## बाद में किया पौधोरापण

दो बत्ती चौराहे पर इस रोचक मुकाबले में कई प्रतियोगियों ने भाग लिया वह भाग लेने वाले प्रतियोगियों को प्रथम ,द्वितीय तृतीय, पुरस्कार विनोद मिश्रा मामा एवं जेम्स चाको द्वारा दिए गए। बाद में गड्ढों में वृक्षारोपण भी किया गया।

13/8/21

# गड्ढा कूद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार



दो बत्ती चौराहे पर गड्ढे में पौधा लगाकर नारेबाजी करते हुए कांग्रेसी। ● नईदुनिया

**रतलाम।** शहर के जर्जर व गड्ढेदार सड़कों पर ध्यान आकर्षित करने के लिए शहर कांग्रेस द्वारा दो बत्ती चौराहे पर गड्ढा कूद प्रतियोगिता का अनूठा आयोजन किया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने बताया कि बार-बार अनुरोध करने के बावजूद भी नगर निगम प्रशासन, शहर विधायक व सांसद द्वारा सड़कों की सुध नहीं ली जा रही है। गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटना हो रही हैं। कई लोग घायल हो चुके हैं। ऐसी अवस्था में कुंभकरण की नींद से जगाने के लिए ये आयोजन किया गया। दो बत्ती चौराहे पर इस रोचक मुकाबले में कई प्रतियोगियों ने भाग लिया। भाग लेने वाले प्रतियोगियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार विनोद मिश्रा मामा व जेम्स चाको द्वारा दिए गए। बाद में गड्ढों में पौधारोपण भी किया गया। मांगीलाल जैन, प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष यास्मीन शेरानी, ब्लाक अध्यक्ष बसंत पंड्या, कमरुद्दीन कछवाय, विजयसिंह चौहान, युवक कांग्रेस अध्यक्ष सैयद वसुत, हितेश पैमाल, एनएसयूआइ अध्यक्ष नीलेश शर्मा, सेवादल अध्यक्ष महिप मिश्रा, संगीता कांकरिया, सुजीत उपाध्याय, इक्का बैलूत, गोपाल चंदवाड़िया उपस्थित थे। शहर कांग्रेस द्वारा शहर की सड़कों की सुध नहीं लेने पर नगर निगम का घेराव करने की चेतावनी भी दी गई।

નઈદુનીયા 13/8/21

## प्रमुख सड़क बेहाल... कांग्रेस ने रखी गड्ढा कूद प्रतियोगिता



**रतलाम** | दो बत्ती क्षेत्र की सड़क का हाल खराब है। यह शहर की प्रमुख सड़क है। जिम्मेदारों को सड़क की हालत बताने के लिए गुरुवार को कांग्रेस ने यहां गड्ढा कूद प्रतियोगिता रख ली। 15 से 20 मिनट चली प्रतियोगिता में एक के बाद एक कांग्रेसी गड्ढे से छलांग लगाने लगे। इसे देख राहगीर भी रुक गए। यह प्रतियोगिता एक पूर्व पार्षद ने जीती। शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, मांगीलाल जैन, यास्मीन शेरानी, हितेश पेमाल, बसंत पंड्या, इक्का बैलूत, गोपाल चंदवाड़िया मौजूद थे।

*सड़कों का हाल सुधरे* - ▪ *शहर की सड़कों का हाल खराब है। जिम्मेदारों को इस तरफ ध्यान देना चाहिए। यदि जल्द हालत नहीं सुधरती है तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन भी करेगी।*

**महेंद्र कटारिया**, शहर अध्यक्ष, कांग्रेस

दै. भास्कर 13/8/21

**सड़क के गड्ढों पर राजनीति: कांग्रेस का गड्ढा कूदने का प्रदर्शन**

# गड्ढों से छलांग कर कांग्रेस ने जताया विरोध, बदहाल सड़कों को सुधारने नगर निगम मौन

**नहीं दे रहे जिम्मेदार ध्यान: गड्ढों के कारण आमजन हो गए परेशान, हर दिन हो रही दुर्घटनाएं**


पत्रिका

सिटी हैपनिंग

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में सीवरेज कार्य के चलते दो बत्ती क्षेत्र में बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। इनको ठीक करने की पहल अब तक नहीं हुई है। इन गड्ढो से रोज ही दुर्घटनाएं हो रही हैं व आमजन परेशान हो गया है। जिम्मेदारों को जगाने शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया के नेतृत्व में दो बत्ती पर कार्यकर्ताओं के लिए गड्ढे कूदने की प्रतियोगिता का आयोजन कांग्रेस ने किया। विजेताओं को 101 रुपए का पुरस्कार भी दिया गया।

शहर के दयनीय जर्जर व गड्ढों से भरी सड़कों पर ध्यान आकर्षित करने के लिए शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा दो बत्ती चौराहे पर गड्ढा कूद प्रतियोगिता का अनूठा आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे हुए आयोजन में एक घंटे तक कार्यकर्ताओ ने सहभागिता की। इस दौरान महिला कार्यकर्ताओ ने गड्ढो पर पौधारोपण भी आंदोलन अंतर्गत किया।



## जगाने के लिए हुए आयोजन

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने बताया कि बार-बार अनुरोध करने के बावजूद भी निगम प्रशासन द्वारा द्वारा सड़कों की सुध नहीं ली जा रही है। गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटना हो रही है। ऐसी अवस्था में कुंभकरण की नींद से जगाने हेतु आयोजन किया गया। दो बत्ती चौराहे पर इस रोचक मुकाबले में कई प्रतियोगियों ने भाग लिया वह भाग



लेने वाले प्रतियोगियों को पुरस्कार विनोद मिश्रा एवं जेम्स चाको द्वारा दिए गए। गड्ढों में वृक्षारोपण किया गया।

## यह रहे उपस्थित

महिला कांग्रेस राज्य कार्यकारी अध्यक्ष यास्मिन शेरानी, ब्लॉक अध्यक्ष बसंत पंड्या ,कमरुद्दीन कछवाय, राजीव रावत, विजयसिंह चौहान, यूवक कांग्रेस अध्यक्ष सय्यद वसुद , अशरफ बेलिम, हितेश पैमाल, निलेश शर्मा, महिप मिश्रा, संगीता काकरिया आदि उपस्थित रहे। शहर कांग्रेस कमेटी ने चेतावनी दी यदि शहर की सड़कों को तत्काल सुधार नहीं किया गया तो आगामी दिनों में नगर निगम का घेराव होगा।

पत्रिका 13/8/21